आई आई एफ सी एल
I I F C L

आईआईएफसीएल की सीएसआर पहल से बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण को बढ़ावा

अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (IIFCL) ने दिल्ली-एनसीआर के सरकारी विद्यालयों में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी एक परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

इस पहल से 1,000 से अधिक स्कूली बच्चों को लाभ मिला। पोषण और स्वच्छता पर नियमित कार्यशालाओं के साथ-साथ पोषण पूरकों की सतत आपूर्ति के माध्यम से बच्चों के प्रमुख स्वास्थ्य मानकों में सुधार और दीर्घकालिक स्वास्थ्य संवर्धन को लक्ष्य बनाया गया।

इस अवसर पर, श्री पलाश श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) आईआईएफसीएल, एवं श्री सुभोध शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, आईआईएफसीएल, आईआईएफसीएल की सीएसआर टीम के साथ एचएचकेएम इंटर कॉलेज गए और विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान संस्थान की सार्थक और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया।

आई आई एफ सी एल
I I F C L